Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:27 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 153 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 8 दिसंबर 2025

सलमान सर के साथ खड़ा होना...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### गोवा नाइट क्लब हादसाः अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर नाइटक्लब के दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी संलिप्तता नाइटक्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोहली को आगे की पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। यह आग शनिवार रात को उत्तरी गोवा के अरापोरा में स्थित %बिर्च बाय रोमियो लेन% नामक नाइटक्लब में लगी थी। दुखद बात यह है कि आग की चपेट में आने वालों में अधिकांश नाइटक्लब के कर्मचारी ही थे।

आज संसद सत्र का आठवां दिन

## वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर लोकसभा में विशेष चर्चा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

आज संसद के शीतकालीन सत्र का आठवां दिन है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर संसद में विस्तार से चर्चा होगी। इस गीत के ऐतिहासिक महत्व पर लोकसभा में होने वाली चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। राज्यसभा में इस पर मंगलवार को चर्चा होगी, जिसकी शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। आज की कार्यवाही शुरू होने पर राज्यसभा में पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल को श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा में प्रश्नकाल के बाद पीएम मोदी ने वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर अपना वक्तव्य रखा।



कांग्रेस सांसद गोगोई के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने इस चर्चा में भाग लिया। उन्होंने भाजपा नीत सत्तारुढ़ खेमे पर आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल हर चीज की मिल्कियत चाहता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने लाखों लोगों को एकजुट करने का काम किया है। प्रतिबंधों के बावजूद ये राष्ट्रीय गीत लोगों के दिलों में रहा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कभी आजादी के आंदोलन में भाग ही नहीं लिया, वे वंदे मातरम की अहमियत क्या जानेंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, अंग्रेजों ने खौफ के कारण प्रतिबंध लगानए। आज जहां विवाद करना हो, तो दरारवादी (सत्ताधारी दल) लोग वंदे मातरम की आड़ में देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये गीत झूठे राष्ट्रवादियों के लिए नहीं है। ऐतिहासिक तथ्यों का जिक्र करते हुए गोगोई ने कहा, वंदे मातरम की यात्रा का अध्ययन जरूरी है। उन्होंने पीएम मोदी के एक घंटे के भाषण का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने रवैये को लेकर गोगोई ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के समय भी संसद में भाषण के दौरान पीएम मोदी ने 14 बार पंडित नेहरू का नाम लिया।

## दिल्ली में फिर जहरीली हवा आज भी एक्यूआई 300 के पार

**नई दिल्ली**
एजेंसी



राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बहुत खराब स्थिति में बना हुआ है। आज सुबह अक्षरधाम इलाके में एक्यूआई 354 दर्ज किया गया।

दिल्ली की हवा की गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर रूप से बहुत खराब बनी हुई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में सुबह के समय जहरीले स्मॉग की एक मोटी परत छा गई, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। अक्षरधाम, आनंद विहार और आईटीओ जैसे इलाकों में एक्यूआई 354 दर्ज किया गया, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। इन क्षेत्रों में स्मॉग की सघनता अधिक होने के कारण सांस लेना दूभर हो रहा है। वहीं, इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे इलाकों में एक्यूआई 294 दर्ज किया गया। बीते रविवार को दिल्ली में हवा की दिशा में आए बदलाव के कारण प्रदूषण की रफ्तार में मामूली कमी दर्ज की गई है, लेकिन यह राहत अस्थायी साबित हो रही है। रविवार सुबह दिल्ली की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे के साथ हुई, जबकि आसमान में स्मॉग की एक पतली चादर छाई रही, जिससे दृश्यता भी काफी कम रही। इस दौरान लोगों को मास्क का सहारा लेना पड़ा और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। शनिवार की तुलना में इसमें 22 अंकों की गिरावट देखी गई। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में नोएडा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा, जहां एक्यूआई 317 दर्ज किया गया। गाजियाबाद में यह 315, ग्रेटर नोएडा में 290 और गुरुग्राम में 273 रहा। वहीं, फरीदाबाद की हवा तुलनात्मक रूप से साफ रही, जहां सूचकांक 199 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, विभिन्न स्रोतों से होने वाले प्रदूषण में वाहनों का योगदान 16.59% रहा। इसके अलावा, सड़क की धूल से 1.20%, निर्माण गतिविधियों से 2.31%, आवासीय प्रदूषण से 4.05% और पेरिफेरल उद्योगों से 8.108% की भागीदारी दर्ज की गई।



# श्री राम सेवक सभा बैठक, घनश्याम संरक्षक बने





**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी के संचालकत्व में आयोजित की गयी।

बैठक में सभी की राय के मुताबिक घनश्याम लाल साह को तीन वर्ष के लिए सभा का संरक्षक नियुक्त किया गया,इसके साथ ही प्रो. ललित तिवारी, भुवन बिष्ट, दीपक साह, आशु बोरा तथा गिरीश भट्ट को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक किया गया है । इस दौरान सभी का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। बैठक के दौरान ही सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह बिष्ट को शॉल ओढाकर व माला पहनाकर तथा श्री राम दरबार भेंट कर सममानित किया गया। बैठक में तय हुआ कि 21 दिसंबर (रविवार) की शाम को 3 बजे से पौष माह के प्रथम रविवार पर बैठकी होली गायन होगा जिसमें शहर के होली गायक भाग लेंगे । मकर संक्रांति 14 जनवरी 2026 को दिन में अपराह्न 1 बजे खिचड़ी भोज तथा 23 जनवरी (शुक्रवार) को बसंत पंचमी तथा शिवरात्रि 20 फ रवरी तथा होली 27 फ रवरी से तथा नव संवत्सर 20 मार्च को आयोजित होगा। इस सब तिथियों पर सभा परिवार कई कार्यक्रम करेगा ।सभा की कार्यकारिणी में यह भी तय हुआ कि सभी कार्यक्रम भव्यता से आयोजित होंगे । तय किया गया कि बसंत पंचमी को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार होंगे जिसमें यज्ञोंपवित बटुक अपना पंजीकरण हेतु अपना पंजीकरण करा सकते हैं । नई कार्यकारिणी ने जनमानस तथा रामानुरागी जनता से सभी कार्यक्रमों में सहयोग करने का निवेदन किय । बैठक में सभा के उपाध्यक्ष अशोक साह, संयुक सचिव राजेंद्र सिंह बिष्ट तथा प्रबन्धक विमल चौधरी तथा कोषाध्यक्ष बिमल साह समेत देवेंद्र लाल साह, राजेंद्र बजेठा तथा ललित साह आदि उपस्थित रहे। अंत में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का आभार जताया।



# राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया लोगों को पौधरोपण हेतु प्रेरित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपणअभियान रविवार को 510 0वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 510वें दिन डीडीहाट के लधडा गांव स्थित कालसिन में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत मनोहर सिंह बोरा ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी द्वारा मनोहर सिंह बोरा को शाल ओढाकर समानित किया। मनोहर सिंह बोरा ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुडना सौभाग्य की बात है ।उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधे का वृक्ष बनने तक वह संरक्षण करेंगे व अन्य को भी प्रेरित करेंगे।

कार्यक्रम में उमेद सिंह बोरा, भूपेंद्र सिंह बोरा समेत सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह कन्याल व प्रदीप सिंह कन्याल, डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील साह उपस्थित रहे। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# सुशीला तिवारी अस्पताल के सभागार में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सुशीला तिवारी अस्पताल के सभागार में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ जी. एस.तीतयाल, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज,डॉ अरुण जोशी चिकित्सा अधीक्षक, डॉ ऋतु रखोलिया प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग,डॉ प्रमोद कुमार द्वारा संयुक रुप से दीप प्रज्वलित कर शुभ रंभ किया गया

डॉ ऋतु रखोलिया ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा देश मै नवजात मृत्यु दर को 2030 तक एक अंक तक लाने का लक्ष्य रखा गया है, डॉ रखोलिया ने बताया कि लगभग 25ङ्ग30न नवजात शिशु कि मृत्यु पैदा होने पर सास नले पाने अर्थात प्रसव कालीन स्वास अवरोध के कारण होती है। नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गयामाँ के पेट में ऑक्सीजन एवं अन्य खाद्य पदार्थ प्लेसेंटा (बिजंडासन) द्वारा बच्चे को दिए जाते हैं जब बच्चा गर्भाशय से बाहर दूसरे वातावरण में आता हैं तो पहले मिनट में बच्चे का सास लेना अति आवश्यक हैं पहले मिनट मै बच्चे के सास न लेने पर बच्चे के मस्तिष्क मै ऑक्सीजन की कमी हो जाती हैं, जिससे बच्चे के मस्तिष्क एवं ह्रदय को नुकसान पहुंचता हैं, एवं बच्चा गम्भीर स्थिति मै आ जाता हैं। पहले मिनट मै बच्चे का रोना (सास लेना) अति आवश्यक हैं।

गर्भावस्था के दौरान गर्भ जल का कम होना, ज्यादा होना, एवं गर्भवती महिला को अत्यधिक रक्त स्राव होने पर नवजात शिशु को सास लेने मै कठिनाई आ सकती हैं। ऐसे नवजात शिशुओं को नवजात पुनर्जीवन तकनीक से बचाया जा सकता हैं।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ ऋतु रखोलिया के अलावा डॉ बिंदु ,डॉ पूजा,डॉ साक्षी,डॉ नूतन एवं 32 प्रतिभागी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### कुविवि के डीएसबी परिसर की विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो.चित्रा पांडे को पितृ शोक



**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की विज्ञान संकायाध्यक्ष तथा विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे के पिता विपिन चंद्र पंत (96) वर्ष का रविवार को काशीपुर में निधन हो गया,उनका अंतिम संस्कार भी स्थानीय शमशान घाट में किया गया। कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा0) ने उनके निधन पर गहरा दुःख जताया है। कूटा के मुताबिक दिवंगत श्री पंत ने अपने पिता और पत्नी के नाम पर एक ट्रस्ट की स्थापना की जिसका नाम दिवंगत श्री चिंतामणि पंत और जया पंत मेमोरियल ट्रस्ट है जिसने वर्षों से स्कूल और कॉलेज दोनों के कई छात्रों को छात्रवृतियां प्रदान की हैं। उनके पुत्र विजय पंत अवकाश प्राप्त अंग्रेजी शिक्षक हैं तथा अब स्वतंत्र पत्रकार हैं। कूटा की ओर से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. नीलू, प्रो. सुषमा, प्रो.दीपिका समेत रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. नंद गोपाल साहू,प्रो.गीता तिवारी, डॉ महेश आर्य, डॉ पैनी जोशी विभाग के सभी गुरुजनों व कर्मियों व छात्रों सहित परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा,अधिष्ठात छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत तथा कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

### चेकिंग के दौरान स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया



**हल्द्वानी।** पुलिस में चेकिंग के दौरान हजारों रुपए की स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार अपने दल बल के साथ सीएमटी कॉलोनी के समीप चेकिंग कर रहे थे तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने उसे दर्द पहुंचा और उसकी तलाशी ली जिसके पास से 5.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने उससे गहन पूछताछ की आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पहली इच्छा आदि क्षेत्रों से सस्ते दामों पर स्मैक खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर बेचता है। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम राजेश पांडे उर्फ रामा पुत्र वल्लभ पांडे निवासी सीएमटी कॉलोनी डहरिया बताया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### हरक सिंह रावत का पूतला फूंका, कांग्रेस से निष्कासन की मांग



**हल्द्वानी।** भाजपा हल्द्वानी नगर के मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय के नेतृत्व में आज कालाढूंगी चौराहा पर कांग्रेस के नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिक्ख समुदाय पर अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में हल्द्वानी नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हरक सिंह रावत का पुतला दहन किया गया और उसके कांग्रेस पार्टी से निस्कासन की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश सह मिडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, रंजन सिंह बर्गली, हरिमोहन अरोड़ा, रेनू टंडन, रविन्द श्रोत्रिय, हरीश मनराल, सुरेन्द्र बिष्ट, सुभांशू पांडे, गुंजन सडाना, मनोज चौहान, राजेश भारद्वाज, धीरज उप्रेती, दिपांशू शर्मा, विशू शर्मा, प्रताप रैकवाल, पंकज अधिकारी, नन्हे कश्यप, विनोद जयसवाल, राजेन्द्र सुयाल, पनराम, दिनेश बोरा, रविन्द्र बाली, कनिष्क ढींगरा, कार्तिक हरबोला, तरन्नुम खान, भूमिका गोयल, प्रतिभा जोशी, गगन दीप सिंह, संदीप कुकसाल आदि के साथ साथ दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# दोस्तों के साथ घर लौट रहा युवक पर जान लेवा हमला

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**घटना**

- दोस्तों के साथ घर लौट रहा युवक पर जान लेवा हमला
- हमलावर तमंचा और धारदार हथियारों से लैस थे

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक और उसके साथियों पर बीती रात हुए हमले के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि खेडा के रहने वाले कुछ हमलावरों ने युवकों को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों, रॉड और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैंप निवासी प्रार्थी गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 दिसंबर की रात लगभग 2 बजे वह दोस्त सुमित, रितिक, सचिन, नरेन्द्र के साथ काम से लौट रहा था। इसी दौरान खेडा निवासी रामू, शुभम, दीपेश, मनोज, अकीत, विक्रम तमंचा लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने युवक को लात-घूंसों, लाठी-डंडों और रॉड से मारपीट की। इसी दौरान किसी एक आरोपी ने गौतम के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर नजदीक ही रहने वाले अपने परिचित गौतम के घर पहुंचे। आरोप है कि हमलावर वहां भी पहुंच गए और गेट तोड़ने का प्रयास करते हुए धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उनका सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया। सभी युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वीकेंड में सैलानियों से गुलजार रहा नैनीताल



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर सरोवर नगरी नैनीताल सैलानियों से गुलजार रहा। सैलानियों की आवाजाही बढ़ने पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारी भी दिनभर काफी व्यस्त नजर आए।

बता दें दिल्ली एनसीआर में छाए वायु प्रदूषण ने पर्वतीय क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों में सैलानियों की आमद बढ़ा दी है। यह सिलसिला पिछले करीब एक माह से जारी है और इस वीकेंड पर तो सैलानियों की कुछ ज्यादा ही रही। दिल्ली एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश के महानगरों से बड़ी संखया में सैलानी पहुंचे रहे हैं और गुजराती पर्यटक का पहुंचना भी निरंतर जारी हैं।

सैलानियों की आमद बढ़ने से नगर के आंतरिक पर्यटन स्थल स्नोव्यू, चिडि ?ाघर, हिमालय दर्शन, वॉटरफ ॉल व केव गार्डन सैलानियों से पटे नजर आए और नैनी झील में नौकायन करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। मालरोड में भी खासी चहल पहल रही। इस बीच अगर सुबह व शाम की ठंड को छोड़ दें तो नगर का मौसम दिन भर बेहद सुहावना बना हुआ है। अधिकांश समय चटक धूप खिली रही।

मौसम साफ होने से सुबह के समय हिमालय के दर्शन बखूबी हो रहे हैं। हिमालय के दीदार के लिए बड़ी संखया में सैलानी हिमालय दर्शन ए टिफिन टॉप और स्नोव्यू पहुंच रहे हैं। सूर्यास्त का आनंद के लिए शाम को सैलानी हनुमानगढ़ी पहुंचे हुए थे। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# अभिमत

## सख्त के साथ जरूरी

*दो सौ मीटर के दायरे में बारात निकाली जा सकती है। हाईबेस डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिये हैं। बारात में बड़े लाइटिंग झालर पर बेन लगाया है। केवल हाथ से पकड़कर चलाये जाने वाले लाइटिंग झालर की अनुमति रहेगी। बीमारों, बुर्जुर्गों की शांति तथा बच्चों की पढ़ाई में बाधा को देखते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विवाह समारोह में मनोरंजन और खुशी मनाने पर आपत्ति नहीं है, परन्तु कुछ लोगों की खुशी के लिए हजारों लोगों को दुख नहीं दिया जाना चाहिए। फूहड़ता और फिजूलखर्ची ने जीवन के महत्वपूर्ण संस्कार को विकृत कर दिया है।*

विवाह समारोहों में बेइंतहा दिखावे ने जनसामान्य के लिए समस्याएं खड़ी कर दी हैं। उत्तराखंड के अन्य महानगरों की तरह हल्द्वानी में शाम से देर रात तक दर्जनों बारात के सड़कों पर निकलने से घंटों तक यातायात बाधित हो जाता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सख्त और जरूरी कदम उठाते हुए दो सौ मीटर के दायरे में बारात निकालने का नियम निर्धारित किया है और हाईबेस डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिये हैं। बारात में बड़े लाइटिंग झालर पर बेन लगाया है। केवल हाथ से पकड़कर चलाये जाने वाले लाइटिंग झालर की अनुमति रहेगी। बीमारों, बुर्जुर्गों की शांति तथा बच्चों की पढ़ाई में बाधा को देखते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विवाह समारोह में मनोरंजन और खुशी मनाने पर आपत्ति नहीं है, परन्तु कुछ लोगों की खुशी के लिए हजारों लोगों को दुख नहीं दिया जाना चाहिए। फूहड़ता और फिजूलखर्ची ने जीवन के महत्वपूर्ण संस्कार को विकृत कर दिया है। एसएसपी ने सभी वेडिंग प्वाइंट, बैंक्वेट हाल और वेडिंग आयोजनों की थाने व चौकी पुलिस को निगरानी करने का निर्देश दिया है। वेडिंग प्वाइंट पर लाइटिंग के लिए अब पुलिस से अनुमति लेना जरूरी होगा। एसएसपी ने शादी समारोह को सुव्यवस्थित, विनम्र और यातायात नियमों के साथ आयोजित करने की जनता से अपील की है। नियमों के उल्लंघन की सूचना कंट्रोल रूम को देने को जनसामान्य से अनुरोध किया है। किसी व्यक्ति के जन्म के बाद विवाह को नई जिंदगी शुरू करने वाला शुभ और खुशी का प्रतीक माना जाता है। हिन्दू धर्म में सोलह संस्कारों में विवाह भी एक संस्कार है। ईश्वर को साक्षी मानकर धार्मिक अनुष्ठान सदियों से होते रहे हैं। आधुनिक संसाधनों ने विवाह को खर्चीला और थकाने वाला कार्यक्रम बना दिया है। दिखावे के कारण विवाह की तैयारी परिवार के सभी लोगों को महीनों पहले शुरू करनी पड़ती है। विवाह के चार-पांच दिन तो वर-वधु के परिवारों की नींद हराम हो जाती है। यदि परिवार में कोई बीमार और अधिक वृद्ध हैं तो परेशानी और बढ़ जाती है। दिखावे की होड़ से दो परिवारों के अलावा मोहल्ले और कालोनी के अन्य लोगों के साथ पूरे शहर के लोग विवाह समारोहों की भरमार से परेशान हो रहे हैं। बारातों के वाहनों और नाचने वालों से सड़कों पर यातायात बाधित होता है। कई बार बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस भी रास्ताजाम में फंस जाती है। बैंक्वेट हाल पर बिजली की सजावट से पूरे शहर में लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लो वोल्टेज के कारण नलकूपों के पम्प नहीं चलने से जलापूर्ति बाधित हो जाती है।

# एसटीएफ कुमाऊं और कोतवाली रुद्रपुर की बड़ी कार्रवाई

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



कोतवाली पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियारों की तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। टीम ने अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया। बरामद हथियारों में चार पिस्टल,एक बंदूक और 40 से अधिक कारतूस बरामद एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसटीएफ कुमाऊं प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने की।

टीम संदिग्धों की तलाश और अवैध असलहा नियंत्रण के लिए काशीपुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस मुख्यालय देहरादून के चेकिंग आदेश के पालन में लगी टीम को मुखबिर से महत्वपूर्ण सूचना मिली कि बाजपुर दोराहा की ओर से एक व्यक्ति बाईक पर भारी मात्र में अवैध असलहा लेकर काशीपुर फ्लाईओवर के पास डिलीवरी देने आने वाला है। सूचना पर प्रभारी ने इसकी सूचना कोतवाली रुद्रपुर प्रभारी निरीक्षक मनोज रतू ी को दी। इस पर वह टीम के साथ मौके पर पहुँचे। दोनों टीमों ने काशीपुर रोड सर्विस लाइन में जाल बिछाकर संदिग्ध का इंतजार किया। तभी बाजपुर दोराहा चौकी प्रभारी को भी संदिग्ध वाहन को रोकने के निर्देश दिए गए। कुछ देर बाद काशीपुर दिशा से आती एक संदिग्ध बाईक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही बाईक सवार घबराकर वापस मुड़ने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद आसिम निवासी धनसारा, थाना बाजपुर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अवैध असलहा लेकर आया था। आरोपी की तलाशी में पहले उसकी जेब से सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल -32 बोर और दो जिंदा कारतूस मिले। इसके बाद उसके कंधे पर लटका बैग खोलने पर पुलिस दंग रह गई। बैग से तीन और -32 बोर की पिस्टलें, एक 12 बोर की खुली हुई दोनाली बंदूक, 8 कारतूस -32 बोर और 30 कारतूस 12 बोर बरामद हुए। सभी हथियारों की जांच में वे पूरी तरह चालू और फायरिंग योग्य पाए गए। आरोपी के पास से एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एक मोबाइल फोन भी मिला। पुलिस ने बाईक को भी एमवी एक्ट के तहत सीज कर लिया गया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। इस कार्रवाई के दौरान एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई देवेन्द्र मेहता,एसआई प्रियांशु जोशी समेत एसटीएफ से एएसआई प्रकाश भगत आदि शामिल रहे।

## खनश्यू मे बनेगा तहसील भवन मुख्यमंत्री ने की घोषणा विधायक कैड़ा

धारी। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा ओखलकांडा ब्लॉक के खनश्यू मे तहसील भवन नही होने से क्षेत्र के लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है खंशयु तहसील लम्बे समय से पटवारी चौंकी मे चल रही थी। विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा के खनश्यू स्थित तहसील भवन बनाने की मांग की थी।

विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने खनश्यू तहसील भवन बनाने हेतु मुख्यमंत्री घोषणा मे सम्मलित कर दिया हैं। जल्दी ही खनश्यू मे तहसील भवन का निर्माण कार्य किया जायेगा। विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री से भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा स्थिति देवगुरु महाराज मंदिर व पिनरो स्थित छोटा कैलाश मंदिर, विनायक गोलू देवता मंदिर के विकाश करने हेतु मंदिर माला मिशन योजना मै सम्मलित करने की भी मांग करी थी मुख्यमंत्री ने तीनो मंदिरो को मंदिर माला मिशन योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा मे सम्मलित कर दिया है विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया है।

# कुलपति, उत्तराखंड मुक्त विवि हल्द्वानी को नई शिक्षा नीति पर रसायन विज्ञान व मिलेट्स पर लिखी किताबें भेंट

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

दून विश्वविद्यालय के डॉ. हरीश चन्द्र अंडोला ने मोटा अनाज उल्लेखनीय योगदान नई शिक्षा नीति पर, रसायन विज्ञान पर लिखी किताबों पर द्वारा प्रो. बिपिन चन्द्र जोशी

दून विश्वविद्यालय के डॉ. हरीश चन्द्र अंडोला एवं प्रोफसर बिपिन व सुरेश चन्द्र अंडोला डॉ विजय कांत पुरोहित जी की पुस्तक को जिन्होंने नई शिक्षा नीति पर, रसायन विज्ञान पर लिखी किताबों पर द्वारा लेखक के प्रयास को सराहनीय बताया और लेखकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा इनका अध्ययन किया जाना चाहिए। दून विश्वविद्यालय के डॉ.हरीश चन्द्र अंडोला को नई शिक्षा नीति पर, रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डॉ. अंडोला ने इस उपलब्धि को दून विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, एवं मुक कुलसचिव,



के आर भट्ट जी डॉ. बेर्जेश बनकोटी डॉ. बिपिन चौबे उच्च शिक्षा विभाग प्रो ए. स. उनियाल डॉ. ममता डॉ. प्रमोद दोबरियाल प्रोफे. दुर्गेश पंत डायरेक्टर जर्नल यूकोस्ट पर्यावरण विभाग के प्राध्यापकों, सहकर्मियों तथा प्रो. एम.एस.एम. रावत और निवर्तमान सलाहकार प्रो. के.डी. पुरोहित से मिली प्रेरणा का परिणाम बताया।

उन्होंने इसका श्रेय अपने गुरुजनों, सकुलसचिव तकनकी यूनिवर्सिटी एवं सहयोगियों और स्नेहीजनों को समर्पित किया। उन्होंने पर्यावरण विभाग, दून विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय प्रशासन तथा क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों और युगबाणी के मुख्य संवाददाता जगमोहन रौतेला, कुनाल पब्लिकेशन के प्रकाशक प्रेम सिंह बिष्ट तथा समय सक्या देहरादून प्रवीण भट्ट जी एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए हेम पंत जी दयाल पाण्डेय मेरा पहड मेरी पहचान के आभार व्यक्त किया।

स्युगबाणी के अंक माह नवम्बर मे पक्के पुस्तक के बारे मे पत्रिका पर सरहानीय लेख था.युगबाणी परिवार को हार्दिक सुबकामना है।

# फिल्मी दुनिया

## बिग बॉस 19: सलमान सर के साथ खड़ा होना असली जीत थी: गौरव




*टीवी अभिनेता गौरव खन्ना ने बिग बॉस 19 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। ग्रैंड फिनाले में उन्होंने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि 50 लाख रुपये की इनामी राशि भी अपने नाम की। इस सीजन में फरहाना भट्ट फर्स्ट रनर-अप रहीं, जबकि प्रणित मोरे ने तीसरा स्थान हासिल किया। जीत के बाद बातचीत में गौरव खन्ना ने अपनी जीत, सलमान खान से मिले सपोर्ट, शो के सफर, दोस्ती, नर्वसनेस और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की। मैं बस यही कहना चाहूंगा कि आखिर में जीत हमेशा सच्चाई और अच्छाई की ही होती है। कई बार अच्छे इंसान को भी ताने सुनने पड़ते हैं, उसे नीचा दिखाने की कोशिश होती है, लेकिन हिंदुस्तान की जनता दिल से फैसला करती है। वो कहीं न कहीं अच्छाई को ही चुनती है। मेरी ये जीत इस बात का सबूत है कि बिग बॉस जैसे शो में बिना गाली-गलौज, बिना तोड़फोड़ और बिना नेगेटिविटी के भी आप ट्रॉफी तक पहुंच सकते हैं। आप अपने मुद्दे शांत तरीके से भी रख सकते हैं और अगर आप सही हैं तो जनता आपके साथ खड़ी रहती है। ये कोई बनाई हुई स्ट्रैटेजी नहीं थी। मैं जैसा हूं, वैसा ही शो में गया था। मैं हमेशा यही मानता रहा कि ये कोई मैराथन रेस नहीं थी, जहां शुरुआत से ही आपको पूरी रफ्तार से दौड़ना होता है। मैंने शो की शुरुआत से ही भागने की कोशिश नहीं की। मेरा बस एक ही मकसद था कि मैं अपनी ईमानदारी के साथ, अपनी लिमिट में रहते हुए फिनिश लाइन तक पहुंचूं। फिर चाहे मैं कहीं भी आऊं - मेरे लिए सबसे जरूरी था कि मैं किसी भी हाल में अपनी लाइन क्रॉस न करूं और खुद से समझौता न करूं। कई लोग शो को गलत तरीके से समझ लेते हैं और वहीं गड़बड़ कर बैठते हैं।*

### आंखों में आंसू आ गए

*जब सलमान सर ने कहा कि वो जल्द मेरे साथ काम करना चाहते हैं, उस पल मेरी आंखों में आंसू आ गए थे। मैं दिल से बहुत खुश था। मुझे लगा कि अगर 15 लोगों के बीच उन्हें मेरा काम अच्छा लगा है, तो कहीं न कहीं पूरे हिंदुस्तान के लोगों तक भी मेरी सच्चाई पहुंची होगी। इतने बड़े सुपरस्टार के मुंह से ऐसा सुनना मेरे लिए किसी अवॉर्ड से कम नहीं था और जब फरहाना का एपिसोड आया था, तब सलमान सर ने ये भी कहा था कि उनकी मम्मी मेरे शो देखती हैं और वो खुद भी मेरा काम देखते हैं।*

# 48 गैर अनुसूचित जातियों को अनुसूचित जाती सूची में शामिल करने पर नोटिस जारी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से वर्ष 2023 तथा 2014 में 48 गैर अनुसूचित जातियों को अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल करने को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई करते हुए भारत सरकार के गृह, कानून तथा समाज कल्याण व आधिकारिता के सचिव तथा उत्तराखंड के प्रमुख सचिव समाज कल्याण को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई को 6 जनवरी 2026 (मंगलवार) की तिथि नियत की है।

बता दें मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में 5 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को हरिद्वार निवासी मीनू की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें वर्ष 2013 तथा 2014 में तत्कालीन प्रमुख सचिव समाज कल्याण की ओर से जारी शासनादेश को चुनौती दी गई है। कहा कि संविधान के अनुच्छेद 341 के अनुसार किसी भी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने का अधिकार राष्ट्रपति व संसद को है। याचिका में उच्च न्यायालय से राज्य में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने की गुहार लगाई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि 26 जनवरी 2016 को जारी राजाज्ञा के अनुपालन में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विशेष न्यायालयों की भी स्थापना नहीं की गई है।

# News कॉर्नर

## 320 अतिक्रमणों पर जिला प्रशासन के लाल निशान

हल्द्वानी। अब तीनपानी बाईपास से लेकर मंडी तक करीब 320 अतिक्रमणों पर जिला प्रशासन ने लाल निशान लगा दिए हैं। 10 किलोमीटर सड़क को 24 मीटर तक चौड़ा किया जाना है। अतिक्रमण पूरी तरह हटते ही निर्माण कार्य शुरू होगा, जिसके लिए यूयूएसडीए ने तैयारी तेज कर दी है। एडीबी परियोजना के तहत नैनीताल रोड के साथ कालाढूंगी रोड पर भी चौड़ीकरण और आधारभूत सुविधाओं के विकास का कार्य प्रस्तावित है। नहर शिफ्टिंग के लिए सिंचाई विभाग को 6 मीटर अतिरिक्त भूमि की जरूरत पड़ेगी। लाल निशान लगते ही स्थानीय लोगों में बेचैनी बढ़ी है। दशकों पुराने मकानों पर निशान लगने से निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग की है।

## हल्द्वानी दिल्ली एक्सप्रेस वे बनाने के प्रयास का स्वागत

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड ने सांसद अजय भट्ट द्वारा हल्द्वानी दिल्ली एक्सप्रेस वे का प्रस्ताव स्वागत योग्य है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि हल्द्वानी कुमाऊं मंडल का प्रवेश द्वार होने के साथ साथ सबसे बड़ी व्यवसायिक मंडी भी है। कुमाऊं मंडल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां पर विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम, जागेश्वर धाम, हाट कालिका ,आदि कैलाश जैसे आस्था के मंदिर है तो नैनीताल, रानीखेत, कौसानी, चौकोरी, मुनस्यारी, अल्मोड़ा जैसे पर्यटन स्थल देश बिदेश के सैलानियों को आकर्षित करते हैं। इन स्थानों में जाने के लिए दिल्ली तक एक्सप्रेस वे बनने से आवागमन बहुत सुगम हो जाएगा। सांसद श्री अजय भट्ट जी के प्रस्ताव का स्वागत करने वालों में प्रदेश व्यापार मंडल के चन्द्र शेखर पंत,मदन फर्तियाल, नवनीत राणा, रूपेन्द्र नागर और जिला नैनीताल व्यापार मंडल के विपिन गुप्ता, हर्ष वर्धन पाण्डे, कौशलेंद्र भट्ट, डॉ संदीप गोंड आदि ने केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर विचार करने का अनुरोध किया।

# खेड़ा में 8 एकड़ सरकारी भूमि कब्जा मुक्त, डीएम-एसएसपी ने किया मौका मुआयना

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

### अवैध कब्ज़ा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



जनपद में सरकारी संपत्तियों को अवैध कब्जों,अतिक्रमण से मुक्त कराने के अभियान के तहत जिला प्रशासन ने रुद्रपुर क्षेत्र खेड़ा में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ 8 एकड़ (लगभग 32,375 वर्ग मीटर) मूल्यवान सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। नगर निगम टीम ने कब्जा मुक्त भूमि पर कब्जा लेकर टीने लगा दी।

कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर किसी भी प्रकार के दोबारा अतिक्रमण को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने भी उच्चाधिकारियों के साथ स्वयं मौके का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए, मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। यहां पर जलि के सभी पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी/ थानाध्यक्ष, पुलिस जवान, फायर सर्विस जवान, होमगार्ड, पीआरडी,आबकारी फोर्स और वन विभाग के कार्मिक शामिल थे । इसके अतिरिक्त पीएसी बल भी विशेष रूप से तैनात किया गया। एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी,सीओ सिटी प्रशांत कुमार,सीओ पंतनगर डीआर वर्मा,सीओ सितारगंज भूपेंद्र सिंह के अलावा प्रशासनिक स्तर पर अतिक्रमण हटाने के लिए जलि प्रशासन की टीम एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से कार्यरत हैं। इस कार्रवाई के दौरान ड्रोन कैमरे से भी क्षेत्र की गहन निगरानी की गई।

**उपद्रव या अवरोध पैदा करने की कोशिश करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई:** एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था पर बल देते हुए कहा, कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह कार्रवाई पूरी मजबूती और निष्पक्षता के साथ की जा रही है। उपद्रव या अवरोध पैदा करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ प्यारेलाल की प्रथम स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि व वैचारिक कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉक्टर प्यारेलाल के स्मृति शेष होने की पहली वार्षिकी पर नगर निगम सभागार में श्रद्धांजलि व वैचारिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एक 'स्मारिका' एक अभूतपूर्व समय,अंधेरे का दौर और एक जनपक्षधर बुद्धिजीवी का जीवन तथा कृषि और खाद्यान्न केंद्रित लेख और अनुवाद 'भूख और मुनाफे की नूराकुश्ती' का लोकार्पण हुआ। साथ ही साम्राज्यवाद और मानसिक नियंत्रण का तंत्र विषय पर सारगर्भित परिचर्चा हुई। वरिष्ठ कवि बाली सिंह चीमा ने न ?म प्रस्तुत किए। श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. प्यारेलाल मानवीय संवेदना से लबरेज, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, एक प्यारे कॉमरेड थे। उनका अध्ययन अगाध, जिज्ञासा असीम और मार्क्सवादी निष्ठा अटूट थी। गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के रूप में कृषि क्षेत्र में अहम शोध किए। उनका सामाजिक परिवर्तन की जद्दोजहद से लगभग चार दशक का जुड़ाव, उनकी जिजीविषा और उनका योगदान हम सबके लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने महत्वपूर्ण लेखन और तमाम ?रूरी लेखों-किताबों का अनुवाद किया। लंबी बीमारी से जूझते हुए उनका 6 दिसंबर 2024 को दुखद निधन हो गया था। साम्राज्यवाद और मानसिक नियंत्रण का तंत्र विषय पर चर्चा की शुरुआत करते हुए प्रोफेसर भूपेश कुमार सिंह ने कहा कि दुनिया को अपने नियंत्रण में लेने के लिए अमेरिकी साम्राज्यवाद ने तीन गतिविधियों - पूंजी निवेश का विस्तार, भारी सैन्य व्यय व विदेशी सहायता कार्यक्रम - को प्रमुख हथियार के रूप में प्रयुक्त किया। इसके लिए शिक्षा, धर्मोपदेश, विज्ञापन, मीडिया, राजनीति आदि अनेक तरीके इस्तेमाल होते हैं। वक्ताओं ने भारतीय समाज की मौजूद स्थिति को बताते हुए कहा कि कैसे भारत में जनविरोधी नव उदारवादी नीतियाँ लागू होने के साथ संकट गहराता गया, जिंदगी बेहाल होती गई और धर्म-राष्ट्रीयता, मंदिर-मस्जिद, गोरक्षा, लवजेहाद, धर्मांतरण, मॉब लिंचिंग,कश्मीर-पाकिस्तान-चीन आदि के शोर में निजीकरण-छंटनी-बंदी, विकराल रूप लेती बेरोजगारी, भयावह महँगाई जैसे असल मुद्दे गायब होते गए। जनता को गुमराह करने के नए अस्त्र विकसित हुए जो न?रत फैलाने में सिद्धहस्त होते गए और लंपटता व उन्माद चरम पर पहुँच गया।

मदन पांडेय ने कहा कि आज पूँजीवाद की ताकत उसके पास उपलब्ध तकनीकी, मानसिक और सामाजिक उपकरणों के समुच्चय के रूप में है। प्यारेलाल जी अपने अंतिम समय तक इस बात से जूझ रहे थे कि क्यों साम्राज्यवादी लूट तंत्र बेलगाम है कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर गार्गी प्रकाशन और द बुक ट्री की ओर से किताबों की प्रदर्शनी भी लगी। इस दौरान मुकुल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उप कारागार चिकित्सालय में विधायक निधि से जनरेटर का लोकार्पण किया गया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हीरा नगर स्थित उप कारागार चिकित्सालय को विधायक सुमित हृदेश ने विधायक निधि से एक जनरेटर का लोकार्पण विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। इस अत्याधुनिक जनरेटर के स्थापित होने से अब चिकित्सालय एवं कारागार परिसर में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संभव हो सकेगी इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कारागार जैसी संवेदनशील संस्थाओं में विद्युत आपूर्ति का सुचारू रहना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक तकनीक से युक्त यह जनरेटर न केवल चिकित्सालय के संचालन में सहायक होगा, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य में भी जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शोभा बिष्ट, अधीक्षक उप कारागार प्रमोद कुमार, पार्षद शैलेन्द्र सिंह दानू, डॉ. मयंक भट्ट सहित विभागीय अधिकारी एवं कारागार के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में कारागार प्रशासन ने विधायक का आभार व्यक्त किया तथा जनहित में उनके निरंतर सहयोग की सराहना की।



# सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में एनसीईआरटी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में एनईपी-2020 और एनसीएफ -2023 पर आधारित दो दिवसीय एनसीईआरटी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बता दें कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण अधिगम पद्धतियों को सुदृढ़ करना एवं शिक्षकों की क्षमता का विकास करना रहा। कार्यशाला में क्षेत्र के पचास से अधिक विद्यालयों के 64 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के सहयोग से किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सीआईईटी तथा एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक प्रो. अमरेंद्र पी. बेहरा रहे। कार्यशाला के दौरान एनसीईआरटी के वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा परस्पर संवादात्मक सत्र आयोजित हुए। प्रोफेसर अमरेंद्र पी. बेहरा ने एनईपी 2020 एवं एनसीएफ एसई -2023 के अनुरूप डिजिटल प्लेटफ ॉर्म आभासी प्रयोगशालाओं मिश्रित शिक्षा तथा शिक्षक सशक्तिकरण जैसे शैक्षिक तकनीकी नवाचारों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर विजयन ने स्कूल नेतृत्व और संस्थागत संस्कृति पर व्याखयान दिया जबकि डॉ. सुखविंदर ने समग्र प्रगति कार्ड की रूपरेखा प्रस्तुत की वहीं डॉ. सुष्मिता चक्रवर्ती ने सामाजिक भावनात्मक कौशल और कक्षा प्रबंधन पर विचार रखे तथा डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने विज्ञान शिक्षा में नवाचार विषय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। समापन सत्र में प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा एनसीईआरटी के विशेषज्ञों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ जिसमें आयोजन समिति प्रशासनिक कर्मचारियों और कैडेट स्वयंसेवकों की सराहना की गई। इस अवसर पर यह संकल्प दोहराया गया कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल एवं एनसीईआरटी शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि तथा एनईपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर मिलकर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन विजय सिंह डंगवाल सहित अध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा।



## ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन के भास्कर अध्यक्ष, शीतल बने महामंत्री

अल्मोड़ा। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन का नगर के माल रोड स्थित एक होटल में रविवार को द्विवार्षिक अधिवेशन हुआ। इस दौरान हुए कार्यकारिणी के चुनाव में भास्कर जोशी अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष पद पर भास्कर जोशी और सुबोध कांडपाल के बीच सीधे टक्कर हुई। भास्कर जोशी को 60 और सुबोध कांडपाल को 33 मत मिले। भास्कर जोशी 27 मतों से विजय रहे।

# खटीमा में दुग्ध प्रोसेसिंग यूनिट में नई मशीनें लगेंगी

**खटीमा**

हमारे संवाददाता

राज्य सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध प्रोसेसिंग यूनिट की नई मशीनें स्थापित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। इस प्रस्ताव के अनुसार, नई मशीनों से दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि तो होगी ही और किसानों को अपने दूध का बेहतर मूल्य मिलेगा। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ मिलकर दुग्ध उत्पादन में क्रांति लाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत, जिले में संचालित दूध कलेक्शन सेंटरों की क्षमता को भी बढ़ाने और नई मशीनें स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। दुग्ध संघ की अध्यक्ष प्रभा रावत के अनुसार खटीमा में 50 हजार लीटर की क्षमता के मुख्य प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण 24 साल पहले यानी 2001 में हुआ था लेकिन इस प्रोसेसिंग यूनिट का अभी तक पूर्ण रूप से कायाकल्प नहीं हुआ है।

प्रस्ताव के अनुसार इस यूनिट में कई नई और आधुनिक मशीनों का प्रस्ताव भी शामिल है। शासन से हरी झंडी मिलने पर दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। खटीमा यूनिट में पुरानी मशीनों के चलते यहां उत्पादों का अधिक उत्पादन और रखरखाव नहीं किया जा सकता। यहां तैयार पनीर को दो दिनों से अधिक समय तक सहेजना बेहद कठिन है।

# विधायक ने भूरारानी रोड से सिटी वन मोड़ तक जाने वाले सड़क हॉटमिक्स निर्माण कार्य शुभारम्भ

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



**निर्माण**

- विधानसभा क्षेत्र का कोई भी जगह विकास से अछूता नहीं रहेगा
- राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत सड़क का निर्माण होने पर लोगों को मिलेगी राहत

राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत भूरारानी रोड से सिटी वन को जाने वाले एक किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण कार्य का विधायक शिव अरोरा ने नारियल फोड़ शुभारम्भ किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि स्कूल को जाने वाले मार्ग जो की जर्जर थी। प्रतिदिन स्कूल की बस से लेकर कई आवासीय कॉलोनी को यह मार्ग जोड़ता है उनको इस मार्ग के निर्माण हेतु को समय से इतनी खराब थी बीच में एक बार गड्ढे भरवाने का कार्य भी किया गया,लेकिन फिर मार्ग की हालत खराब हों गई। इस मार्ग का प्रस्ताव उनके द्वारा पूर्व मे भेजा गया था। 23 लाख की लागत से यह मार्ग पीडब्लूडी बना रहा है। मार्ग निर्माण से का?ी लोगो ?ी राहत मिलेगी साथ ही यातायात सुगम होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र अछूता नही जो जनता की सुविधा के लिये विकास कार्य न किये गये हों। उनका प्रयास है जिन मार्गो की हालत बेहद खराब है उनको बनाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाये और ऐसे अधिकांश मार्ग के निर्माण या तो हों चुके है या प्रस्ताव पास होकर कार्य आरम्भ की और है। रोड निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी,आशू मिड्डा, राज सिंह पारगई,अशोक बजाज, विकास सागर, रविंद्र धामी,मनोज मदान, डंपी चोपड़ा, संजय आर्य, मीना देवी, सरोज, आरती शर्मा, प्रेरणा देवी, सुलेखा, प्रीति रहे।